साइकिल रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई द्वारा स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जन जागरूकता हेतु साइकिल रैली निकाली गई । आज का थीम था साइकिल रैली से स्वच्छता जागरूकता, आज साइकिल रैली सुबह 7:30 बजे सेक्टर 9 चौक से शुरू होकर के सिविक सेंटर के अर्जुन रथ तक पहुंची। साइकिल रैली के दौरान साइकिल पोलो खिलाड़ी, फुटबॉल खिलाड़ी, एनडीआरएफ की टीम, नगर निगम भिलाई का दल, उपस्थित रहा । सभी खिलाड़ियों को नंबर दिया गया था। प्रारंभिक स्थल से से जैसे ही एमआईसी सदस्य स्वच्छता प्रभारी अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू ने हरी झंडी दिखाकर के रैली को रवाना किया, पूरे जोश खरगोश के साथ सभी खिलाड़ी नारे लगाते हुए साइकिल रैली में भागीदार बने। विजेता रहे प्रथम स्थान प्राप्त किया युवराज साहू नवीन कॉलेज, द्वितीय स्थान यश कुमार सोनकर दुर्ग, तृतीय स्थान परमेश्वर कौशिक, महिला वर्ग में अखिलेश्वरी प्रथम, तृप्ति साहू द्वितीय, मंजू साहू तृतीय। सिविक सेंटर में पहुंचकर सभी खिलाड़ियों, नगर निगम भिलाई के अधिकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारिक गण, विद्यार्थियों ने एक साथ मिलकर के स्वच्छता शपथ ली। रैली के दौरान उपस्थित रहे जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, खेल विभाग से प्रदीप भुसावल, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी सीनियर स्वच्छता निरीक्षक वी के सैमुअल, हेमंत माझी, वीरेंद्र बंजारे, अंजनी सिंह, पी आई यू अभिनव आदि उपस्थित रहे।